आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 16.03.2026 समय : 0705

<><><><><><><><>

1. अंडमान निकोबार द्वीप समूह को उल्लास – नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत 'पूर्ण साक्षर' केंद्र शासित प्रदेश घोषित किया गया है।
2. पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा कि देशभर में एलपीजी वितरकों के पास गैस आपूर्ति की कोई कमी नहीं है।
3. सांसद बिष्णु पद रे ने टुश्नाबाद जंक्शन से तिरुर तक राज्य राजमार्ग–11 के सुधार कार्य की आधारशिला रखी।
4. आपदा प्रबंधन निदेशालय की ओर से आज राज्य स्तरीय संचार मॉक अभ्यास का आयोजन किया जा रहा है।

<><><><><><><><>

शिक्षा मंत्रालय ने अंडमान निकोबार द्वीप समूह को उल्लास – नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत आधिकारिक तौर पर 'पूर्ण साक्षर' केंद्र शासित प्रदेश घोषित किया है। उल्लास–NILP योजना को वर्ष 2023–2024 के दौरान एक व्यवस्थित दृष्टिकोण के साथ लागू किया गया था। इसमें गैर–साक्षर वयस्कों की पहचान के लिए व्यापक सर्वेक्षण किए गए, जिसके बाद उन्हें नजदीकी 'सामाजिक चेतना केंद्रों' में नामांकित किया गया। सभी शिक्षार्थियों ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओपन स्कूलिंग द्वारा आयोजित मूल्यांकन परीक्षा में सफलता हासिल की। शिक्षा मंत्रालय द्वारा निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार, किसी राज्य या केंद्र शासित प्रदेश में पहचाने गए गैर–साक्षर लोगों की संख्या कुल जनसंख्या के पांच प्रतिशत से कम है, तो उसे 'पूर्ण साक्षर' घोषित किया जा सकता है। गैर–साक्षरों की संख्या निर्धारित सीमा से कम होने के कारण द्वीपसमूह ने इस मानक को सफलतापूर्वक पूरा किया। लद्दाख और चंडीगढ़ के बाद अंडमान निकोबार द्वीप समूह इस मानक के अनुसार पूर्ण साक्षर घोषित होने वाला देश का तीसरा केंद्र शासित प्रदेश बन गया है।

<><><><><><><><>

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा है कि देशभर में एलपीजी वितरकों के पास गैस आपूर्ति की कोई कमी नहीं है। मंत्रालय ने बताया कि एलपीजी बुकिंग में गिरावट आई है। मंत्रालय ने बताया कि तेल विपणन कंपनियों द्वारा खुदरा दुकानों पर ईंधन की कमी का कोई मामला सामने नहीं आया है और पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति नियमित रूप से जारी है। मंत्रालय ने लोगों को घबराहट में खरीदारी न करने की सलाह दी है।

<><><><><><><><>

सरकार ने पद्म पुरस्कार–2027 के लिए नामांकन और अनुशंसाएं आमंत्रित की हैं। गृह मंत्रालय ने बताया कि पुरस्कारों की घोषणा अगले वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाएगी। नामांकन की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। नामांकन और अनुशंसाएं केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन ही स्वीकार की जाएंगी।

<><><><><><><><>

लोकसभा में आज वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए रेल मंत्रालय की अनुदान मांगों पर चर्चा और मतदान होगा। कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय की अनुदान मांगों पर चर्चा भी सदन की आज की कार्यसूची में है। राज्यसभा में विनियोग विधेयक–2026 पर विचार होगा। इस विधेयक के द्वारा भुगतान और वित्तीय वर्ष 2025–26 की सेवाओं के लिए संचित निधि से ली गई राशि के विनियोग को अधिकृत किया जाना है।

<><><><><><><><>

कला एवं संस्कृति विभाग ने इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज–अंडमान निकोबार द्वीप समूह चैप्टर के सहयोग से श्री विजय पुरम और उसके आसपास 'हेरिटेज वॉक वर्ल्ड वार–II' का आयोजन किया। वॉक में स्कूल और कॉलेज के छात्रों सहित टूर ऑपरेटर्स एसोसिएशन के अधिकारियों ने भाग लिया। इस पहल का उद्देश्य द्वीपों की समृद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करना था। यह हेरिटेज वॉक ऐतिहासिक राष्ट्रीय स्मारक सेलुलर जेल से शुरू हुई। इस दौरान प्रतिभागियों ने द्वीपों के द्वितीय विश्व युद्ध के इतिहास से जुड़े कई स्थलों का दौरा किया। इन्टक की संयोजक संहिता वेद आचार्य ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसी यात्राएं वर्तमान पीढ़ी को अतीत से जोड़ने में सांस्कृतिक और शैक्षिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। कला एवं संस्कृति विभाग इस श्रृंखला के अगले हिस्से

के रूप में 4 अप्रैल को 'कालापानी ट्रेल' नामक एक और हेरिटेज वॉक आयोजित करेगा। इसमें भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति या समूह विभाग के मेल या पुस्तकालयाध्यक्ष से फोन पर संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><>

सांसद बिष्णु पद रे ने कल मानपुर में टुश्नाबाद जंक्शन से तिरुर तक राज्य राजमार्ग–11 के सुधार कार्य की आधारशिला रखी। इस परियोजना को केंद्र शासित प्रदेश के बजट के तहत 14,90,70,553 रूपये की अनुमानित लागत से स्वीकृत किया गया है। स्थानीय लोगों की लम्बे समय से लम्बित पड़ी इस मांग के पूरा हो जाने से कनेक्टिविटी बेहतर हो जाएगी। इस अवसर पर दक्षिण अंडमान जिला परिषद अध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता, अधीक्षक अभियंता, जनप्रतिनिधि और स्थानीय निवासी उपस्थित थे।

<><><><><><>

आपदा प्रबंधन निदेशालय की ओर से सभी आपातकालीन सहायता कर्मियों, अंडमान निकोबार कमान, NDRF और INCOIS के समन्वय से आज सुबह साढ़े नौ बजे से द्वीप समूह में भूकंप और सुनामी पर एक राज्य स्तरीय संचार मॉक अभ्यास का आयोजन करने जा रहा है। इस अभ्यास का उद्देश्य भूकंप और सुनामी जैसी स्थितियों के दौरान आपदा संचार प्रणालियों की दक्षता, चेतावनी प्रसार तंत्र, आपातकालीन सायरन प्रणाली, विभिन्न विभागों और आपातकालीन प्रतिक्रिया एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित करना है। मॉक अभ्यास के हिस्से के रूप में, प्रारंभिक चेतावनी प्रसार के परीक्षण के लिए निर्धारित स्थानों पर आपातकालीन सायरन बजाए जाएंगे। विभाग ने लोगों से कहा है कि सायरन बजने या मॉक अभ्यास की गतिविधियों के दौरान न घबराए। सभी आवश्यक और सामान्य सार्वजनिक सेवाएं जारी रहेंगी।

<><><><><><>

तेलुगु नव वर्ष उगादि के उपलक्ष्य में हैडो के वार्ड नम्बर–1 में कल उगादी ओपन शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। यूथ ऑफ बोड्डापाडु श्री जगदेश्वर संगम, और अंडमान निकोबार शतरंज संघ के सहयोग से आयोजित इस टूर्नामेंट में विभिन्न आयु वर्ग के लगभग 120 शतरंज खिलाड़ियों ने भाग लिया। टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने के लिए बी. ललित को विजेता घोषित किया गया। वरिष्ठ श्रेणी में पी. टाटा राव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का खिताब चिट्टीबोइना महेश्वरी को मिला।

<><><><><><>

विस्तार सुधार योजना के तहत पशु चिकित्सालय, कैंपबेल बे में 'वैज्ञानिक डेयरी पशुपालन और प्रबंधन' पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विशेष रूप से ग्रेट निकोबार के चुनौतीपूर्ण द्वीपीय वातावरण में पशु उत्पादकता बढ़ाने के लिए स्थानीय डेयरी किसानों को आधुनिक वैज्ञानिक जानकारी देने के लिए तैयार की गई थी। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को उपयुक्त नस्लों का चुनाव, संतुलित आहार, स्वास्थ्य देखभाल, आवास प्रबंधन, प्रजनन स्वास्थ्य प्रबंधन और दुग्ध उत्पादों के मूल्यवर्धन पर जानकारी दी गई। यह पहल पशुधन विस्तार सेवाओं को मजबूत करने और क्षमता निर्माण कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाने में सहायक है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य टिकाऊ डेयरी को बढ़ावा देना है।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार राज्य आयुष सोसाइटी के तहत अनुबंध के आधार पर डेटा एंट्री ऑपरेटर और अकाउंटेंट के पदों पर नियुक्ति की जाएगी। साक्षात्कार सचिवालय के लघु सम्मेलन कक्ष में आज सुबह 9 बजे से लिया जाएगा। उम्मीदवारों को अपने प्रमाणपत्रों और मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने को कहा गया है।

उधर, डॉ. बी. आर. अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए अंशकालिक प्रशिक्षक के पद के लिए साक्षात्कार आज आयोजित किया गया है।

<><><><><><>